**संख्या- 69/2018/157 जी.आई /33-3-2018-30/2017 टी.सी.IV**

प्रेषक,

राजेन्द्र कुमार तिवारी

अपर मुख्य सचिव,

उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

**1- निदेशक, पंचायतीराज उ0प्र0।**

**2- मिशन निदेशक, स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) उ0प्र0।**

**3- समस्त जिलाधिकारी, उत्तर प्रदेश।**

**पंचायती राज अनुभाग-3 लखनऊ: दिनांक: 10 अगस्त, 2018**

विषय: स्वच्छ भारत मिशन(ग्रामीण) के अन्तर्गत दिनांक 09-15 अगस्त, 2018 तक "खुले में शौच से आजादी सप्ताह" मनाये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

अवगत कराना है कि भारत सरकार के पंचायतीराज मंत्रालय द्वारा 72वें स्वतन्त्रता दिवस के अवसर पर स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के अन्तगत दिनांक 09 से 15 अगस्त, 2018 तक "**Free From Open Defecation**" अथवा खुले में शौच से आजादी सप्ताह मनाये जाने का निर्णय लिया गया है।

पेयजल एवं स्वच्छता मंत्रालय द्वारा दिनांक 01-31 अगस्त, 2018 तक स्वच्छ सर्वेक्षण ग्रामीण-2018 अभियान चलाया जा रहा है। इसी पृष्ठभूमि में "खुले में शौच से आजादी सप्ताह", स्वच्छ सर्वेक्षण को जनपद एवं ग्रामों में गति प्रदान करेगा एवं उनकी रैंकिग बढाने में सामुदायिक सहभागिता सुनिश्चित करेगा।

**2-** इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि जनपदों में खुले में शौच से आजादी सप्ताह को प्रभावी ढंग से मनाये जाने हेतु निम्नांकित गतिविधियों का आयोजन करने का कष्ट करें-

- खुले में शौच से आजादी सप्ताह मनाये जाने हेतु जनपद की रणनीति तैयार करें जिसमें ग्रामों को खुले में शौचमुक्त बनाये जाने के लिए शौचालय निर्माण व निर्मित शौचालयों का उपयोग सुनिश्चित किया जा सके।
- स्वच्छ भारत मिशन के लोगो वाला झंडा जिस पर खुले में शौच मुक्त लिखा हो, को खुले में शौच मुक्त ग्रामों, विकास खण्डों एवं जनपदों में लगाया जाये।

http://shasnadeshup.nic.in

- जनपद एवं विकास खण्ड स्तर पर रैली, मैराथन, मानव श्रृंखला, स्वयं सहायता समूहों की बैठक, अन्तर्वैयक्तिक गतिविधियां, फिल्म-शो, स्कूल आधारित गतिविधियां इत्यादि का आयोजन करें।
- जनपद में स्वच्छता के क्षेत्र में रूचि रखने वाले एवं योगदान देने वाले दस महिलाओं/पुरूषों को चिन्हित कर उन्हें जनपद का "**स्वच्छता एम्बेसेडर**" घोषित कर उनकी सूची राज्य स्वच्छता मिशन को प्रेषित करें।
- श्रेष्ठ कार्य करने वाले स्वच्छाग्रहियों एवं समुदाय में स्वच्छता की दिशा में आदर्श कार्य करने वाले लोगों को विभिन्न आयोजनों में सम्मानित कर स्वच्छता कार्यक्रम को जन-आन्दोलन बनाने में योगदान दें।
- चित्रकला, भाषण, वाद-विवाद, खेल-कूद इत्यादि की प्रतियोगिताओं का आयोजन कराया जाये।
- जनपद के मा0 मंत्रीगणों, जनप्रतिनिधियों, प्रख्यात व्यक्तियों एवं क्षेत्रीय मशहूर हस्तियों को उपरोक्त कार्यक्रमों में आमंत्रित करें।

उक्त गतिविधियों के अतिरिक्त जनपद अपने क्षेत्रीय नवाचारों पर आधारित गतिविधियां आयोजित करते हुए स्वतन्त्रता दिवस के अवसर पर दिनांक 15 अगस्त, 2018 को विभिन्न कार्यक्रम एवं गतिविधियां आयोजित करने के सम्बन्ध में संक्षिप्त कार्ययोजना तैयार कर राज्य स्वच्छता मिशन को प्रेषित करने का कष्ट करें।

उपरोक्त गतिविधियों में होने वाले व्यय का भुगतान स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के आई0ई0सी0 मद में उपलब्ध धनराशि से किया जा सकता है। आपकी व्यक्तिगत रूचि इस कार्यक्रम को बहुमूल्य बना सकती है।

कृपया तदनुसार कार्यवाही करते हुए कृत कार्यवाही की आख्या मिशन निदेशक, स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) उ0प्र0 के माध्यम से शासन को उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

भवदीय,

**(राजेन्द्र कुमार तिवारी)**

अपर मुख्य सचिव।

<u>संख्या व दिनांक:- तदैव।</u>

प्रतिलिपि: निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित-

1. सचिव, पेयजल एवं स्वच्छता मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली।
2. समस्त मण्डलायुक्त, उ0प्र0।
3. समस्त मुख्य विकास अधिकारी, उ0प्र0।
4. समस्त मण्डलीय उपनिदेशक(पं0) उ0प्र0।

http://shasnadeshup.nic.in

5. समस्त जिला पंचायत राज अधिकारी, उ0प्र0।

6. गार्ड फाइल।

आज्ञा से

(**प्रवीण कुमार लक्षकार**)

विशेष सचिव।

http://shasnadeshup.nic.in